अंचल में बेमौसम बारिश से बदला मौसम का मिजाज

▸ किसानों के चेहरे पर चिंता और राहत दोनों

नीमच। जिले और आसपास के इलाकों में देर रात से मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। कभी रिमझिम, तो कभी तेज़ मावठे की बारिश ने पूरे नीमच अंचल का माहौल बदल दिया है। आसमान में लगातार बादल छाए हैं और बीच-बीच में गरज-चमक के साथ बरसात जारी है। बेमौसम बारिश सोमवार सुबह चार बजे से जारी रही, जिससे सड़कों पर पानी जमा हो गया और जनजीवन प्रभावित हुआ। शहर के मुख्य बाज़ारों में सुबह से ही आवाजाही कम रही, वहीं ग्रामीण अंचलों में भी लोग मौसम के मिजाज को लेकर सतर्क दिखाई दिए।

फसलों पर मिला-जुला असर, भंडारित अनाज पर मंडरा रहा खतरा- खेती-किसानी के दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह बारिश एक तरफ जहां नई बुवाई वाली फसलों के लिए वरदान साबित हो सकती है, वहीं कटाई के बाद खेतों या घरों में रखी उपज के लिए परेशानी भी खड़ी कर रही है। कृषि विभाग के सूत्रों के अनुसार, इस समय अधिकांश क्षेत्रों में धान, मक्का और सोयाबीन जैसी खरीफ फसलों की कटाई पूरी हो चुकी है और रबी फसलों की बुवाई शुरू हो चुकी है। ऐसे में खेतों को नमी मिलना किसानों के लिए लाभकारी माना जा रहा है।हालांकि, जिन किसानों ने फसल काटकर खेतों या खुले स्थानों पर भंडारण किया है, उन्हें चिंता सताने लगी है। बारिश के चलते अनाज भीगने, सड़ने या फफूंद लगने का खतरा बढ़ गया है। कई ग्रामीण इलाकों में किसान अपने घरों में अनाज और भूसा सुरक्षित रखने की जुगत में जुटे हैं।

शहर में ठंडक, लोगों ने ली राहत की सांस

बारिश से जहां किसान सतर्क हो गए हैं, वहीं शहरवासियों को हल्की ठंडक ने राहत दी है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं। सड़कों पर भीड़ कम दिखाई दी, कई लोग घरों में गर्म पेय का आनंद लेते नज़र आए।

मौसम विभाग का अलर्ट : अगले 24 घंटे रहेंगे अहम

मौसम विभाग ने नीमच, मंदसौर और आसपास के जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ तेज़ हवाएं चल सकती हैं और कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है। मौसमी आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार रात और बुधवार सुबह तक बादल छाए रहेंगे तथा बीच-बीच में बौछारें पड़ सकती हैं।

पॉलिथीन मुक्त बनाने का दावा करने वाली नगरपालिका के अब दावों की पोल खुलने लगी

नीमच। शहर में फिर से बढ़ गया पॉलिथिन का चलन बाजारों में पॉलिथिन का जमकर उपयोग होने लगा है। नगरपालिका की कार्रवाई भी अब रस्म अदायगी वाली ही चल रही है। शहर के पॉलिथीन मुक्त बनाने का दावा करने वाली नगरपालिका के अब दावों की पोल खुलने लगी है। शहर के सब्जी मंडी, प्रसूट मार्केट और बाजारों में पॉलिथिन का चलन फिर से बढने लगा है।

सरकार ने भले ही पॉलिथीन के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन आदेश बाद भी शहर के बाजारों में खुले आम पॉलिथीन का उपयोग दुकानदार और लोगों द्वारा किया जा रहा है। स्थिति यह है कि अब तो शहर में पॉलीथीन की सप्लाई करने वाले व्यापारियों तक पहुंची तो सामने आया कि प्रतिबंध का व्यापारियों पर कोई असर नहीं है।गौरतलब है कि शासन के पॉलिथिन प्रतिबंद के आदेश के बाद शुरूआत में नगर पालिका अधरिकारियों ने पॉलीथिन के उपयोग पर रोक लगाने के लिए बाजार में दुकानदारों के यहां छापे मारे। इस दौरान अधिकारियों द्वारा पॉलीथिन को जब्त किया। उसके बाद संबंधित अधिकारियों ने अभियान को बंद कर दिया। वर्तमान में कार्रवाई नहीं होने से शहर के व्यापारी आदेश का मजाक मनाकर पॉलीथिन का खुलेआम उपयोग करने में लगे हुए हैं। स्थिति यह है कि सरकार के बैन के बावजूद शहर में पॉलीथीन पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं लग पाया है। कपड़े तथा सब्जी आदि की दुकानों पर खुलेआम पॉलीथीन में सामान भरकर ग्राहकों को दिया जा रहा है। पर्यावरण को प्रदूषित करने के साथ ही पॉलीथिन शहर की नालियों को भी अवरुद्ध कर रही है, वहीं पॉलीथिन सहित कचरा व बेकार सामग्री खाने से पशु भी मर रहे है। जानकारी अनुसार शहर सहित जिले में 10 से अधिक पॉलीथिन व्यवसायी हैं।

प्रत्येक दुकान से प्रतिदिन औसत 15 किलो पॉलीथिन बैग बिकते हैं। इस हिसाब से शहर व जिले भर में प्रतिदिन सवा टन पॉलीथिन बिकती है। शहर में किराना दुकान, होटल, फल विक्रेता, सब्जी, कपड़ा व्यापारी सहित अन्य व्यापारी पॉलीथीन बैग में रोजाना सामग्री भरकर उपभोक्ताओं को देते हैं। इनमें से 50 प्रतिशत पॉलीथिन बैग उसी दिन सड़कों और घरों के आसपास फेंक दी जाती है।

ऐसे कारगर हो सकता हैं प्रतिबंध

दुकानदारों को प्लास्टिक के विकल्प के रूप में जूट एवं कागज के बने थैले सस्ते दामों में और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाएं। जूट एवं कागज से बने थैलों के निर्माण के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रोत्साहन दिया जाए। प्लास्टिक के प्रयोग को निरूत्साहित करने के लिए स्कूल व कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। मानक के विपरीत पॉलीथिन का उत्पादन व व्यापार करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएं। इस संबंध में के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है नगरपालिका पॉलीथिन के क्रय- विक्रय को बंद करने को लेकर समय समय पर कार्यवाही की जाती है।एक बार फिर से बड़े स्तर पर शुरू किया जाएगा। इस बार दुकानदारों को हिदायत न कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

सेवार्पण सेवा न्यास गोमाबाई नेत्रालय द्वारा नेत्र शिविर

कुकड़ेश्वर। सेवार्पण सेवा न्यास, गोमाबाई नेत्रालय नीमच के संयुक्त तत्वाधान में भगवान महावीर शासकीय चिकित्सालय कुकड़ेश्वर में नेत्र शिविर संपन्न हुआ जिसमें 212 लोगों का पंजीयन हुआ और 58 लोगों को ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों द्वारा चयनित किया गया इस अवसर पर गोमाबाई नेत्रालय नीमच के वरिष्ठ डॉक्टर हर्षित जी भरतपुर वाले एवं उनकी टीम द्वारा कुकडेश्वर नगर एवं आसपास के लोगों की आंखों की जांच की गई कुछ लोगों के चश्मे के नंबर निकाले गए और 58 मरिज ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए हर वर्ष गोमाबाई नेत्रालय द्वारा कुकड़ेश्वर में नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है जो एक श्रेष्ठ सराहनीय कार्य है इससे लोगों को फायदा होता है सेवार्पण सेवा न्यास वरिष्ठ सुधीर पटवा तेजकरण सोनी शांतिलाल जोशी द्वारा डॉक्टर की टीम का अभिवादन कर सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

खण्डेलवाल समाज का दीपावली मिलन व सम्मान समारोह संपन्न

नीमच। खण्डेलवाल वैश्य समाज नीमच द्वारा दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन समाज के आराध्य देव संत सुंदरदास जी महाराज एवं श्रीनाथजी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ रोटरी सामुदायिक भवन में किया गया। समाजजनों की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में हर्ष और उल्लास का माहौल रहा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन खण्डेलवाल समाज के अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेलवाल व महिला मण्डल अध्यक्ष साधना खण्डेलवाल सहित वरिष्ठजन द्वारा किया गया। अध्यक्षद्वेय ने समाजजनों को सम्बोधित कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके पश्चात बालिका नायसा लाभी व टियाना दुसाद द्वारा गणेश वंदना एवं गौरी कुलवाल द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समाज के कुल 38 वरिष्ठजन (24 पुरुष व 14 महिलाएं) का शाल एवं मोतियों की माला पहनाकर समाज कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया।

जनकपुर में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

नीमच। शासकीय आयुर्वेद औषधालय जनकपुर द्वारा सोमवार को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर जनकपुर के आंगनवाड़ी एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग,विबंध, श्वास, कास, प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, अर्श गैस अम्लपित साइटीका, हृदय प्रमेह, आदि बीमारियों की जांच कर, नि:शुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 68 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया। इस मौके पर डॉ.नाथू सिंह मौर्य,डॉ.धीरज डावर, डॉ.विवेक शर्मा, श्री भगवान दास बैरागी, सहित आयुष कर्मियों एंव आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी ।

रामपुरा में श्री गंगामाता शंखोद्धार मेला एक नवम्बर से

नीमच। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर रामपुरा परिषद के तत्वाधान में लालातलाई मैदान पर एक से 10 नवम्बर 2025 तक श्री गंगामाता शंखोद्धार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला धार्मिक आस्था का केंद्र होकर, हजारों की संख्या में नागरिक जडेलिया भेरू की पूजा अर्चना करने आते है। मेले में व्यापारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी दस दिन तक ठहरते हैं। यह जानकारी सी.एम.ओ.रामपुरा द्वारा दी गई।

ग्राम अंबा में सांप के काटने से युवक की मौत

नीमच। जिले के जीरन थाना क्षेत्र के ग्राम अंबा में रविवार रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को दहला दिया। गांव के 38 वर्षीय शिवलाल मीणा की नींद के दौरान सांप के काटने से मौत हो गई। परिवार को सुबह तक इस घटना की भनक तक नहीं लगी।जानकारी के अनुसार, शिवलाल पिता भेरूलाल मीणा रात में घर पर सो रहे थे। सुबह जब परिजन उन्हें उठाने पहुंचे, तो वे अचेत अवस्था में मिले। उसी दौरान उनके बिस्तर के पास एक जहरीला सांप दिखाई दिया, जिससे पूरे परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने पहले स्थानीय नाग देवता के देवरे पर पूजा-अर्चना कर उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन कोई सुधार न होते देख उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय नीमच ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद शिवलाल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जीरन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

जेएसजी नीमच ग्रेटर का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

नीमच। जैन सोश्यल ग्रुप नीमच ग्रेटर का दीपावली मिलन समारोह होटल राज पेलेस स्टेशन रोड नीमच पर ग्रुप सदस्यों की उपस्थिति में शानदार खुशनुमा पारिवारिक माहौल में शनिवार दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को संपन्न हुआ ।

जे एस जी नीमच ग्रेटर के अध्यक्ष श्री दिलीप चौधरी सचिव राकेश पगारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम शुरुआत में नवकार मंत्र की प्रस्तुति श्रीमति सुनीताजी चौधरी एवं श्रीमति कृतिजी चौधरी द्वारा दी गई। इसके बाद शुरू हुआ ग्रुप के सदस्यों द्वारा डांस एवं गीत संगीत की शानदार प्रस्तुति सदाबहार गीतों का सिलसिला साथ ही ग्रुप सदस्यों द्वारा गरबा के बाद शुरू हुआ कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ग्रुप के सभी दंपति सदस्यों द्वारा बारी बारी से रैंप वॉक अपनी अपनी मनमोहक अदा के साथ अपनी अमिट छाप छोड़ते हुए पूरा किया एवं कार्यक्रम संचालक द्वारा पूछे गए रोमांचक अंदाज में रोमांटिक चुटिले प्रश्न जिसका उत्तर दंपति सदस्यों ने अपने विशेष चुलबुले अंदाज में दिए जिसे वहां उपस्थित सदस्यों की तालियों की गड़गड़ाहट से विशेष सराहना मिली।

कार्यक्रम में जे एस जी आई एफ के डांस एवं टेलेंट शो कमेटी चेयरमेन श्री प्रकाशजी चौरडिया जे एस जी एम पी रीजन संगिनी कन्वीनर श्रीमति कीर्तिजी मोड़ी जे एस जी नीमच झोन कॉर्डिनेटर श्री सुशीलजी चौधरी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुरेशजी चेलावत ने सभी सदस्यों को दीपावली की बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

दिवाली मिलन समारोह में ग्रुप सदस्यों के लिए एक खास सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया जहां पर ग्रुप सदस्यों द्वारा अपने अपने विशेष अंदाज में फोटोशूट कराया गया । कार्यक्रम की शुरुआत ग्रुप सदस्यों की हाई टी के साथ शुरू हुई एवं सबसे पहले आने वाले प्रथम दस दंपत्ति सदस्यों को ग्रुप द्वारा वेलकम गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सुमधुर गीतों की प्रस्तुति ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य श्री अशोकजी नांदेचा, श्री पदमकुमार जी जैन, श्री मनोजजी नागोरी, श्रीमति रानीजी राणा, श्रीमति अनिताजी खाबिया, श्रीमति रेणुजी सुराना, श्रीमति रुचिजी सगरावत आदि सदस्यों द्वारा दी गई। जे एस जी नीमच ग्रेटर में श्री सुरेशजी पोरवाल को ग्रुप की नवीन सदस्यता प्रदान की गई ।कार्यक्रम का सफल संचालन ग्रुप की सदस्या श्रीमति निधिजी नाहर एवं श्रीमति सुनीताजी चौधरी ने किया। अंत में सभी सदस्यों के स्वादिष्ट भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

केंद्रीय दल ने जल शक्ति अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की

मंदसौर। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव पंकज कुमार एवं केंद्रीय भूजल वैज्ञानिक श्रीमती सौम्या सिद्धार्थ ने मंदसौर जिले में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक सुशासन भवन में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन एवं पीएचई, जल संसाधन, वन, नगरीय निकाय, जल निगम एवं जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान संयुक्त सचिव पंकज कुमार ने निर्देश दिए कि जल शक्ति केंद्रों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा इन्हें रिसोर्स सेंटर के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों को जल समितियों से जोड़कर किसानों की जल संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कंटूर ट्रेंच, परकोलेशन टैंक, चेक डैम, डग आउट पॉन्ड निर्माण, डकवेल रिचार्ज, अमृत सरोवर तथा स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित वन उद्यान जैसे कार्यों की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने कार्यों की जानकारी दी गई। संयुक्त सचिव कुमार ने कहा कि सभी तकनीकी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। केंद्रीय दल आगामी दो दिनों में जल प्रदाय योजनाओं का मैदानी निरीक्षण भी करेगा।

तुम्बड़ नदी उद्गम स्थल का संरक्षण : स्वच्छ जल, हरित भविष्य की और सराहनीय कदम

▸ केंद्रीय दल ने तुम्बड़ नदी उद्गम स्थल का निरीक्षण किया

मंदसौर। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव पंकज कुमार एवं केंद्रीय भूजल वैज्ञानिक सौम्या सिद्धार्थ ने आज मंदसौर जिले में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न विभागीय कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान दल ने ग्राम पंचायत निपानिया (अफजलपुर) स्थित तुम्बड़ नदी के उद्गम स्थल का भ्रमण किया। यहां गंगोत्री हरित परियोजना के तहत किए गए पौधारोपण कार्यों की सराहना की गई। इस स्थल पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत अब तक 5 एकड़ भूमि में 1200 फलदार पौधों का रोपण किया जा चुका है, जबकि अगले चरण में 1200 और पौधे लगाए जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान कुमार ने कहा कि नदी के उद्गम स्थल को प्लास्टिक मुक्त एवं पर्यावरणीय दृष्टि से स्वच्छ बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामीणों से इस दिशा में निरंतर जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास जल संरक्षण और हरित पर्यावरण की दिशा में एक सराहनीय कदम हैं।

एक नजर ▸ आचार्य विद्यासागर गो-संवर्धन योजना का लाभ लेकर सफल पशुपालक बने कुकड़ेश्वर के राजू

तीस गायों और एक भैंस का पालन कर 110 लीटर दूध का प्रतिदिन कर रहे है उत्पादन

ट्रेवल्स का काम बंद कर, पशुपालन से रोजाना चार हजार रूपये की कमा रहे है राजू उपलावदिया

नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दो गुना करने, पशुपालकों की आय बढ़ाने, के लिए प्रदेश में दुग्ध समृद्धि अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत नीमच जिले में भी पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशुपालन के लिए प्रेरित कर, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के विशेष प्रयास किए गये हैं।

म.प्र.शासन द्वारा पशुपालन विभाग के माध्यम से संचालित आचार्य विद्यासागर गो-संवर्धन योजना तथा राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का लाभ लेकर, नीमच जिले की मनासा जनपद के ग्राम कुकड़ेश्वर निवासी पशुपालक राजू उपलावदिया ने वर्ष 2015 में चार भैस एवं एक गाय से पशुपालन का कार्य प्रारंभ किया। वर्ष 2017 में उन्होने आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना के तहत 7 संकर गायों के लिये ऋण लिया। इस पर उन्हें एक लाख 25 हजार 750 रूपये का अनुदान भी शासन द्वारा दिया गया। साथ ही नस्ल सुधार के लिए राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत पशुपालन विभाग द्वारा उनके पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान भी नि:शुल्क किया गया।

पशुपालक श्री राजू पूर्व में ट्रेवल्स का संचालन करते थे। परंतु उन्होने आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना का लाभ लेकर पशुपालन कार्य प्रारंभ करने के बाद 2019 से ट्रेवल्स का कार्य बंद कर पूरी तरह पशुपालन कार्य में लग गये हैं। वर्तमान में राजू उपलावदिया द्वारा 30 गांयों और एक भैंस का पालन कर, प्रतिदिन 110 लीटर दूध का उत्पादन किया जा रहा हैं। जिसे वे 35 से 40 रूपये प्रति लीटर के भाव से विक्रय कर लगभग 4 हजार रूपये प्रतिदिन, आमदनी प्राप्त कर रहे है। उनके परिवार की महिला सदस्य भी पशुपालन कार्य में उनका सहयोग कर रही है। कुकड़ेश्वर के श्री राजू उपलावदिया आज सफल पशुपालक के रूप में पहचाने जा रहे हैं। वे पशुपालन कर प्रतिदिन लगभग4 हजार रूपये कमा रहे है। पशुपालन से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गये हैं। पिछले दिनों मनासा क्षेत्र के विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने भी श्री राजू उपलावदिया द्वारा किए जा रहे पशुपालन कार्य का मौके पर निरीक्षण किया और उन्नत नस्ल के पशुपालन, दुग्ध उत्पादन आदि के बारे में जानकारी ली और पशुपालन कार्य की सराहना भी की है।